हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 ग्रुप डी चयनित अभ्यर्थियों के एकसाथ मेडिकल....



10 पढ़ाई के साथ खेल जरूरी: सुखविंद



## खबर संक्षेप

### बाजार में नकदी समेत महिला का पर्स चोरी

**जींद।** बाजार में खरीददारी करने आई महिला के पर्स को किसी व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पर्स मे नगदी, मोबाइल फोन तथा जरूरी दस्तावेज थे। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खरीददारी करने गई हुई थी।

### 2.91 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को 2.91 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के एसआई रामचंद्र सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान सरकारी हस्पताल गुहला के पास मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से जानकारी मिली कि स्कूटी पर लड़का व महिला चीका से नहरी रास्ते होते गुहला आ रहे है।

### युवक पर हमला करने पर 04 के खिलाफ केस

**जींद।** पिल्लूखेड़ा मंडी में रंजिश के चलते पहले बाइक को टक्कर मारी। फिर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत चार के खिलाफ जानलेवा हमला करने, समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का पांचवा आरोपी दबोचा

**कैथल।** संपत्ती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी जिला संगरूर पंजाब के गांव खुम्बरवाल निवासी जसपाल उर्फ बारा सिंह को काबू कर लिया गया।

### आईटीआई के लिए निकली युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव रधाना से पढ़ने के लिए आईटीआई में पहुंची युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रधाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी घर से जींद आईटीआई के निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। छानबीन करने पर पता चला कि आईटीआई में तो पहुंची थी। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**कैथल।** जिले के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में दो युवकों पर केस दर्ज किया गया है। इस मामले में पीड़ित किशोरी ने युवकों पर पिहोवा ले जाकर उससे एक होटल में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सदर थाना कैथल की पुलिस ने किशोरी के पिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव जलालपुरा खुर्द से नाबालिग लड़की के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जलालपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा है।

### नकदी चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल क्षेत्र के एक निजी कार्यालय से नकदी चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में के एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी राज नगर कैथल निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नगर पालिका चीका: उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

## अब चेयरपर्सन रेखा रानी पर टिकी नजरें, कुलवंत बाजीगर बोले– घोटालों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

नगर पालिका चीका की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ बुधवार को पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। बैठक में कुल 12 पार्षद शामिल हुए और सभी ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। चेयरपर्सन रेखा रानी, उपाध्यक्ष पूजा शर्मा तथा उनके समर्थक पार्षद बैठक में अनुपस्थित रहे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने इसे /"विकास की जीत/" करार देते हुए कहा कि अगला कदम चेयरपर्सन रेखा रानी को हटाने का होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में नगर पालिका में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और अब हर घोटाले की जांच करवाई जाएगी।



पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर अविश्वास प्रस्ताव पास होने पर खुशी जताते।

हाईकोर्ट में दी याचिका, 8 को सुनवाई :उधर, चंडीगढ़ से उपाध्यक्ष पूजा शर्मा और उनके पति, भाजपा नेता राजीव शर्मा ने फोन पर जानकारी दी कि उन्होंने इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के स्थानीय निकाय विभाग को नोटिस जारी करते 8 जुलाई को सुनवाई की तारीख तय की है। राजीव शर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 14 के पार्षद जितेंद्र कुमार के खिलाफ 'वोट के बदले नोट' मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला ने 20 जून को केस दर्ज किया था। इसी आधार पर 1 जुलाई को लोकल बॉडीज विभाग के डायरेक्टर पंकज कुमार ने जितेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया था, जिससे वह मतदान के अयोग्य हो गए थे। हालांकि, 2 जुलाई को हरियाणा सरकार के सचिव एवं कमिश्नर विकास गुप्ता ने जितेंद्र कुमार के निलंबन पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी, जिससे वह मतदान में शामिल हो सके। राजीव शर्मा ने इस त्वरित निर्णय पर सवाल खड़े करते इसे संदेहास्पद बताया और इसी आधार पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### एक वोट से पलट सकती थी बाजी

विशेष बात यह रही कि अविश्वास प्रस्ताव को पास कराने के लिए कम से कम 12 पार्षदों का समर्थन आवश्यक था और जितेंद्र कुमार की सदस्यता रद्द रहने की स्थिति में विपक्षी खेमे के पास सिर्फ 11 वोट ही रह जाते, जिससे प्रस्ताव विफल हो सकता था। ऐसे में उनके निलंबन पर लगी रोक ने पूरी बाजी पलट दी।

### ये पार्षद रहे शामिल

बैठक में वार्ड नंबर 1 से सुखबीर सिंह, वार्ड 2 से दलबीर सिंह, वार्ड 3 से अमनदीप कौर, वार्ड 5 से पुष्पा देवी, वार्ड 7 से शालू गोयल, वार्ड 8 से रेखा रानी (जो बैठक से उपस्थित रहीं, वार्ड 9 से राजेश कुमार, वार्ड 10 से पूनम रानी, वार्ड 12 से हरीश बब्बू, वार्ड 13 से हरदीप सिंह, वार्ड 14 से जितेंद्र कुमार और वार्ड 16 से तरसेम गोयल उपस्थित रहे और सभी ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

### गुप्त मतदान से फैसला

बैठक का संयोजन कर रहे जिला म्युनिसिपल कमिश्नर सुशील ने दोपहर 12 बजे तक सभी पार्षदों की प्रतीक्षा की, लेकिन जब 12 पार्षदों के अतिरिक्त कोई नहीं आया तो उन्होंने कार्रवाई प्रारंभ की। सभी पार्षदों को एक-एक बैलेट पेपर दिया गया, जिस पर /"पक्ष/" और /"विपक्ष/" के दो विकल्प थे। सभी ने गुप्त मतदान कर प्रस्ताव के पक्ष में मत डाले।

### जीत की खुशी में जश्न, अगला निशाना रेखा रानी

अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने सभी पार्षदों व समर्थकों के साथ जश्न मनाया। वे ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते अपने निवास स्थान पहुंचे, जहां लड्डू बांटे गए और पार्षदों का अभिनंदन किया गया। बाजीगर ने स्पष्ट संकेत दिए कि अब चेयरपर्सन रेखा रानी को हटाने की बारी है। बता दें कि चेयरपर्सन रेखा रानी, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह की पुत्रवधू हैं और कुलवंत बाजीगर लंबे समय से उन्हें पद से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। चेयरपर्सन को हटाने के लिए कुल 14 पार्षदों का समर्थन जरूरी है, जबकि अभी तक विपक्ष के पास केवल 12 वोट ही हैं। संख्या पूरी न होने के कारण पहले उपाध्यक्ष पूजा शर्मा को हटाने की रणनीति अपनाई गई।

## लिस्ट में नाम आने वाले छात्र चार से सात तक जमा करवाएं फीस

# महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर दूसरी कट ऑफ लिस्ट जारी

## रिक्त सीटें रहने पर नौ जुलाई से प्रारंभ होगी फिजिकल काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा वीरवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आया है, वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फ ीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दस जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फ ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फ ीस और 100 रुपये हर रोज लेट फ ीस भर कर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। गौरतलब है कि यूजी कोर्स में दाखिले के लिए 19 मई से लेकर 16 जून तक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। आवेदन प्रक्रिया के बाद पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को जारी हुई थी। शहर के राजकीय पीजी कॉलेज और इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी महिला कॉलेज में ज्यादातर संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर थी।



दूसरी मेरिट में नाम आने के बाद दाखिले के बारे में जानकारी हासिल करते।



फाइल फोटो

पहली मेरिट लिस्ट के बाद अब खाली बची सीटों के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। शहर के राजकीय पीजी कॉलेज में विभिन्न संकायों में निर्धारित 1630 सीटों पर पहली मेरिट लिस्ट में 624 विद्यार्थियों का नाम आया था। 1004 खाली सीटों पर दाखिले के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी हुई है। दूसरी मेरिट लिस्ट में 311 विद्यार्थियों का नाम आया है। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉण सत्यवान मलिक ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आया हैए उन्हें चाहिए कि वह निर्धारित समय में फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करें।

### राजकीय पीजी कॉलेज में मेरिट लिस्ट

| कैटेगरी | उच्चतम मेरिट | न्यूनतम मेरिट |
|---|---|---|
| **बीए आट्र्स संकाय** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 85.8 | 77 |
| ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन | 66.6 | 62 |
| हरियाणा जरनल | 77 | 67.8 |
| ओएससी | 66 | 38.2 |
| डीएससी | 67.4 | 63.6 |
| बीसीए | 67.6 | 60.6 |
| **बीए इकोनॉमिक्स** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 71 | 67 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल | 55.4 | 55.4 |
| **बीए इंग्लिश** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 72.6 | 67.4 |
| हरियाणा जरनल | 67 | 55.4 |
| **बीए ज्योग्राफी** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 79.4 | 76.6 |
| हरियाणा जरनल | 74.8 | 61.6 |
| **बीए हिस्ट्री** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 77 | 77 |
| हरियाणा जरनल | 73.2 | 52 |
| **बीबीए** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 85 | 84 |
| ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन | 77.2 | 77.2 |
| हरियाणा जरनल | 83 | 78.8 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल | 63.4 | 63.4 |
| बीसीए | 76.8 | 65 |
| **बीकॉम** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 88 | 67.8 |
| हरियाणा जरनल | 67.6 | 54.2 |
| **बीसीए** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 82.2 | 79 |
| ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन | 70.4 | 70.4 |
| हरियाणा जरनल | 78.8 | 70.4 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल | 69.6 | 65.2 |
| ओएससी | 70 | 62.2 |
| डीएससी | 58.2 | 58.2 |
| बीसीए | 69.2 | 57.8 |
| **बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 79.4 | 75.6 |
| ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन | 66.8 | 66.8 |
| हरियाणा जरनल | 75.4 | 66.4 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल | 59.8 | 59.8 |
| **बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 59.8 | 59.8 |
| **बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मेथेमेटीक्स** | | |
| ऑल इंडिया ओपन | 83.6 | 74.6 |
| हरियाणा जरनल | 74.4 | 58.4 |



जींद। पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद दाखिला लेने आए छात्र।

# विभिन्न 26 व्यवसायों में उच्चतम मेरिट 105 प्रतिशत तक पहुंची

- रा. औद्योगिक संस्थान दाखिले के लिए जारी पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर गुरूवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। आईटीआई जींद के विभिन्न 26 व्यवसायों में उच्चतम मेरिट 105 प्रतिशत तक पहुंची है। जबकि न्यूनतम मेरिट 34 प्रतिशत रही। कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) ट्रेड में 105 प्रतिशत तक मेरिट गई है। इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय में भी 105 प्रतिशत रही। इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक व्यवसाय की मेरिट सूची 100 प्रतिशत रही। हिंदी स्टेनोग्राफर और इंग्लिश स्टेनोग्राफर दोनों ट्रेड की भी मेरिट सूची 105 प्रतिशत रही जो उच्चतम है। यह मेरिट सभी वर्गों को सम्मिलित करते हुए दर्शाई गई है। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि इस मेरिट सूची के आधार पर दाखिला आठ जुलाई तक किया जाएगा। जो अभ्यर्थी इस सूची में सम्मिलित नहीं हैं, वे द्वितीय मेरिट सूची की प्रतीक्षा कर सकते हैं।

### विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें

जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। वहीं जींद की राजकीय आईटीआई में साढ़े सात हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। ऐसे में इस बार आईटीआई में दाखिले को लेकर होड़ रहेगी। इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं। जिनमें आईटीआई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है।

### दूसरे दौर की ये रहेगी प्रक्रिया

दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा।



जींद। पेयजल के सैंपल लेते टीम। फोटो :हरिभूमि

# 58 घर का सर्वे, 12 को नोटिस, 14 नलों पर टेप, आठ अस्वच्छ कनेक्शन करवाए ठीक

- जाजवान में जांचे पेयजल सैंपल, अवैध कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जल संरक्षण अभियान के तहत गुरूवार को गांव जाजवान में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से जल संरक्षण अभियान चलाया गया जिसके तहत जलघर व पेयजल उपभोक्ताओं के घर से जांच के लिए पेयजल के सैंपल लिए गए और पाच अवैध कनेक्शन काटे गए। जबकि 12 लोगों को नोटिस दिया गया। इस दौरान 14 नलों पर टेप लगवाई गई व आठ अस्वच्छ कनेक्शन को ठीक किया गया। विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से चलाये जा रहे अभियान का परिणाम यह हुआ की गांव में पेयजल आपूर्ति का समय दो घंटे से घटा कर डेढ़ घंटे करने पर भी सभी घरों में पहुंचने लगा। गांव जाजवान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना, कैमिस्ट विरेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता संजीत श्योकंद व खंड समन्वयक दिनेश मलिक के नेतृव में विभाग की संयुक्त टीम ने जल संरक्षण अभियान चलाया। जिसके तहत जलघर में पहुंच कर पेयजल के सैंपल लिए व पेयजल का ओटी टैस्ट किया। इसके बाद पेयजल आपूर्ति करवा कर टीम गांव में घर-घर पहुंची और वहां से भी पेयजल के सैंपल लिए। इस अभियान के तहत करीब 58 घरों का सर्वे किया गया। सर्वे में 12 ऐसे लोगों को नोटिस दिया गया, जिनमें कनेक्शन अवैध थे या जिन पर टेप नही लगी हुई थी या खेतों में या सब्जी के लिए पेयजल का उपयोग कर रहे थे।

### छह से नो जुलाई तक सभी कर्मियों की छूटी रद

**जींद।** मानसून की दस्तक के बाद मौसम विभाग ने अंदेशा जताया है कि आगामी छह से नौ जून तक जिला में भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में शहर में जलभराव व कई अन्य तरह की समस्याएं पैदा होंगी। जिसको देखते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है कि आगामी छह से नौ जुलाई तक आकस्मिक अवकाश को मंजूर न किया जाए। सभी विभागाध्यक्ष भी बिना सूचना के मुख्यालय न छोड़ें। यदि किसी भी कर्मचारी को विकट परिस्थितियों में अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो उसकी सूचना डीसी कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि दो दिन पहले हुई तेज बारिश ने ही प्रशासन के जल निकासी के दावों की पोल खोल दी थी। शहर की कोई ऐसी सड़क नही थी जो बरसाती नालों में तबदील नजर नही आई हो। मौसम विभाग ने चेताया है कि आगामी छह से नौ जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों में हुए जलभराव न हो और समस्या से निपटने के लिए कर्मियों की कमी न हो, इसके लिए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर छह से नौ जुलाई तक आकस्मिक अवकाश को मंजूर न किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए गठित टीमों को हर प्रकार की तैयारी रखें। बाढ़ नियंत्रण टीमें चौबीस घंटे बरसात में शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखें और जलभराव की स्थिति से निपट सके।

### महिला का शव फंदे पर लटकता मिला



**जींद।** गांव जयपुर में महिला ने संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतका ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें किसी को मौत का जिम्मेवार नही ठहराया गया है। वहीं परिजनों ने मौत पर संदेह जताया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जयपुर निवासी गुरजीत सिंह की पत्नी रणजीत कौर 45 का शव मकान की चौखट पर लटकता देखा गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस फोरेंसिक टीम तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका द्वारा सुसाइड नोट छोड़ा गया है। जिसमें सास तथा ससुर का कोई कसूर नही बताया गया है। मानसिक परेशानी के बारे में लिखा गया है। वहीं मृतका के मायका पक्ष ने रणजीत कौर की मौत पर संदेह जताया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षा विभाग ने स्कूल संचालक को जारी किया नोटिस

# सीएम फ्लाइंग ने बगैर मान्यता का स्कूल पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को गांव संडील में चल रहे बिना मान्यता के निजी हाई स्कूल पर छापेमारी की। स्कूल संचालक मान्यता से संबंधित कोई दस्तावेज नही दिखा पाया। जिस इमारत में स्कूल चल रहा था वह मापदडो पर खरी नही थी। टीम में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल सचांलक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग में अमल लाई जाएगी। शिक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि गांव संडील में बिना मान्यता के एक घरनुमा इमारत में दसवीं तक स्कूल चलाया जा रहा है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह तथा सतपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें उचाना खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी को भी शामिल किया गया। संयुक्त टीम ने उस इमारत में दस्तक दी। जहां पर स्कूल चल रहा था। छापेमारी के दौरान स्कूल में कक्षाएं लगी हुई थी। हाजिरी रजिस्टर जांचने पर स्कूल में 241 बच्चों में से 195 छात्र उपस्थित पाए गए। स्कूल में प्रार्चाय समेत 11 अध्यापकों का स्टाफ पाया गया। छानबीन में सामने आया कि स्कूल को गांव संडील निवासी अशोक 2018 से स्कूल का संचालन कर रहा था। स्कूल की मान्यता से संबंधित दस्तावेज मांगने पर संचालक दिखाने में नाकाम रहा। जिस पर टीम में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा ने स्कूल संचालक अशोक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि सीएम फ्लाइंग तथा शिक्षा विभाग की टीम ने स्कूल पर छापेमारी की थी। जो कि बिना मान्यता के पाया गया। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया गया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।



जींद। कार्रवाई करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अरूण चंद्र महाराज का चातुर्मास प्रवेश छह को

**उचाना।** पानीपत की अग्रवाल मंडी में अरूण चंद्र महाराज आदि ठाणे 4 चातुर्मास प्रवेश छह जुलाई को होगा। गुरूभगत वीरेंद्र करसिंधुए सुभाष कापड़ो ने बताया कि उचाना क्षेत्र से काफी तादाद में चातुर्मास प्रवेश में लोग पहुंचेंगे। जैन स्थानक में 1500 जोड़ों एवं उपस्थित जनसमूह को ग्रह शांति एवं सुख समृद्धि का महामांगलिक पाठ फरमाया जाएगा। इस मांगलिक प्रवेश में सपरिवार अधिक से अधिक लोग पहुंच का धर्म ज्ञान का लाभ उठाए।

### दान देने से धन नहीं घटताः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि धन की दान, भोग और नाश तीन गति होती। जो धन जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद उसका कुछ अंश निष्काम भाव से पात्र जरूरतमंदों को दान देने के बाद बचता है, अमृत के समान पवित्र एवं टिकाऊ होता है। जिस प्रकार भूमि से निकलने वाले खनिज पदार्थों को जब तक अग्नि में न तपाया जाए वे अशुद्ध रहते हैं।

### धान सप्लाई चैन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025.26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत धान सप्लाई चैन के लिए इंडस्ट्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक इंडस्ट्री योजना का लाभ लेने के विभागीय पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पफसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत धान सप्लाई चैन स्थापित करने हेतु व पराली के प्रबंधन के लिए इंडस्ट्री को 65% क्रेडिट लिंक अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा।

### नि%शुल्क हृदय जांच शिविर पांच को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि पांच जुलाई शनिवार को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय चेकअप शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेट्रो हार्ट इंस्टिट्यूट नोएडा के सीनियर कर्डियोलॉजिस्ट मुमुक्षू आर्य की टीम हृदय जांच व अन्य मेडिकल चेकअप की सेवाएं प्रदान करेगी व अन्य जरूरी लैब टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे। मुमुक्षु रोगमुक्त स्वस्थ जीवन शैली पर परामर्श देंगें।

### पात्र व्यक्तियों का डाटा करें पोर्टल पर अपलोड

**जींद।** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के दृष्टिगत डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत फीडबैक ली। कहा कि इस योजना के तहत जिला में जो भी पात्र शामिल होते है उन सभी का डाटा पोर्टल पर समयबद्ध अपलोड करना सुनिश्चित करें,महत्वाकांक्षी योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। संबंधित बीडीपीओ अपने खंडों के पात्र व्यक्तियों व मकान बनाने के लिए चिन्हित की जाने वाली भूमि की मौका रिपोर्ट क्षेत्र में जाकर तैयार करें।

### पिछड़ा वर्ग परिवार को बतौर शगुन मिलेंगे अब 51 हजार

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी।

### महिला से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**जींद।** महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दर्जनभर लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। जुलाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बोंद कला निवासी अजय से उसका संपर्क था। अजय ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

### आज और कल भी किए जाएंगे मेडिकल

# ग्रुप डी चयनित अभ्यार्थियों के एकसाथ मेडिकल के लिए आने से अफरा-तफरी

## *नागरिक अस्पताल में लगाई चिकित्सक और स्पेशल स्टॉफ की ड्यूटी*

### स्वास्थ्यकर्मियों ने संभाला मोर्चा, बनवाई व्यवस्था, दिनभर भटके चयनित अभ्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन द्वारा ग्रुप डी वेटिंग का रिजल्ट जारी किया गया है। इसके बाद वीरवार को मेडिकल को लेकर चयनित प्रार्थियों की भारी भीड़ नागरिक अस्पताल में उमड़ी। मेडिकल की व्यवस्था को बनाने के लिए सीएमओ कार्यालय के सामने स्वास्थ्यकर्मियों की डयूटी लगाई गई। हालांकि स्वास्थ्य महानिदेशक ने पहले ही मेडिकल को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे। जिस पर मेडिकल के लिए स्पेशल स्टाफ की डयूटियां लगाई गई थी। बावजूद इसके एकसाथ सैंकडों की संख्या में चयनित प्रार्थियों की भीड़ उमडऩे के चलते अस्पताल में पूरा दिन अफरा-तफरी भरा माहौल रहा।

एक साथ पहुंचे सैंकडों प्रार्थी, मेडिकल के लिए भटके, पुलिस ने संभाला मोर्चा :वीरवार को नागरिक अस्पताल खुलते ही भारी संख्या में ग्रुप डी के चयनित प्रार्थी सीएमओ कार्यालय के आगे जमा हो गए। जिसके चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हर चयनित प्रार्थी जल्द से जल्द मेडिकल करवाना चाह रहा था। जिसके चलते क्लर्कों के कमरे के अंदर तक चयनित प्रार्थी पहुंच गए। इस दौरान कई प्रार्थियों के अभिभावकों ने स्टाफ के साथ बहस तक भी हुई। स्थिति बेकाबू होते देख स्वास्थ्यकर्मियों ने कमान संभाली और लाइनों में लगवा कर मेडिकल के फार्म लिए।





**जींद।** सीएमओ कार्यालय के सामने लगी चयनित अभ्यार्थियों की भीड़।

मेडिकल को लेकर अस्पताल में चिकित्सकों की लगी स्पेशल डयूटीः स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा जारी किए गए पत्र में अस्पताल में कार्यरत सभी विशेषज्ञों, एक्स-रे विभाग, ईसीजी विभाग, लैब कर्मियों को रविवार को भी उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं। जिस पर नागरिक अस्पताल प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के अध्यक्षों को पत्र के माध्यम से उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे।

### धैर्य रखें प्रार्थी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. अरविंद ने बताया कि चयनित प्रार्थियों के मेडिकल को लेकर कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। इसलिए प्रार्थी धैय बनाए रखें। मेडिकल के लिए स्पेशल चिकित्सकों की डयूटी लगी हुई जो चयनित प्रार्थियों की फिटनेस जांच कर रहे हैं। मेडिकल प्रकिया लंबी है, इसलिए चयनित अभ्यार्थी धैर्य बनाए रखें। प्रत्येक चयनित अभ्यार्थी का मेडिकल किया जाएगा।

पूरा दिन स्वास्थ्य अमला चयनित प्रार्थियों के मेडिकल प्रक्रिया पूरी करवाने में लगा रहा। चिकित्सकों के कमरों के बाहर लगी लाइनें, आमजन हुआ परेशानः ग्रुप डी में चयनित प्रार्थी एक-एक कर मेडिकल करवाने के लिए कभी लैब, कभी ईसीजी तो कभी एक्स-रे के कमरों के बाहर खड़े हुए। वहीं चिकित्सकों के कमरों के बाहर भी लाइन लगाए हुए देखे गए। जिसके चलते उपचार के लिए आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों के कमरों के बाहर तथा भीतर कभी युवा तो कभी उपचार के लिए लोग आपस में उलझते रहे। व्यवस्था को बनाए रखने में चिकित्सा अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया

- सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के प्रांगण में अष्टमी के पावन अवसर पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा मां सरस्वती पूजन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मां सरस्वती के आशीर्वाद से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मंगल कामना हेतु संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के निरंतर प्रवाह के लिए धार्मिक अनुष्ठान आवश्यक हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को सजीव रखते हैं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नवचेतना का संचार करते हैं।



**जींद।** यज्ञ में आहुति डालते वीसी। *फोटो :हरिभूमि*

कहा कि विवि प्रदेश में ही नहीं देश में भी अपना नाम रोशन करेगा, विवि में नवाचार, गुणात्मक शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के साथ-साथ विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। विवि परिवार को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और विश्वविद्यालय के समृद्ध एवं आध्यात्मिक परिवेश की सराहना की। पूजन यज्ञ में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हवन में आहुति डाल कर शुभारंभ की कामना की।

## बिना पर्ची, बिना खर्ची के सिद्धांत को आगे बढ़ रहे नायब सैनी : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल सैनी द्वारा प्रदेश में शुरू की गई बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरी के सिद्धांत सीएम नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे है। बुधवार को गुरप डी के लगभग सात हजार पदों के परिणाम घोषित किए गए हैं। यह हमारी सरकार की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रणाली का सशक्त प्रमाण है। सरकारी भर्तियों के इतिहास में पहली बार डीएससी समाज के लिए आरक्षण की व्यवस्था की। जिसके तहत हरियाणा में लगभग 604 बच्चों को परीक्षा में सफलता मिली। हमारी सरकार सरकार पिछड़े और वंचित समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं की मेहनत और धैर्य ने आज सफलता का रूप लिया है। प्रदेश के युवाओं को अवसर देना व रोजगार सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। अत्री ने कहा कि सरकार ने पिछड़ा वर्ग के अंत्योदय परिवारों के लिए बड़ी सौगात देते सीएम विवाह शगुन योजना में मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की है। पिछड़ा वर्ग के अंत्योदय परिवारों को अब शगुन में 51 हजार की राशि मिलेगी। अनुसूचित जाति विमुक्त जाति व टपरीवास समुदाय के पात्रों को 71 हजार की राशि दी जा रही है।

### जुलानाः पवन गर्ग अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नियुक्त

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वर्ष के लिए जुलाना खंड के अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। साथ ही संयोजक और महासचिव भी बनाए गए। जुलाना खंड के अध्यक्ष की जिम्मेवारी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पवन गर्ग को दी गई। इसके साथ साथ व्यापारी नेता तुलसी राम सिंगला को संयोजक और युवा नेता राहुल तायल को महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गर्ग, बजरंग सिंगला, राजेश, रजत सिंगला, सुनील, सुशील सिंगला, सतीश गोयल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सात सितंबर को जींद में होने वाले ऐतिहासिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए शार्टकट मार्ग न अपनाएः प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी अनाज मंडी में स्थित तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की शिष्या समणी जयंत प्रज्ञा, सन्मती प्रज्ञा के सान्निध्य धर्म सभा आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जीवन सफलता, अच्छे स्वास्थ्य एवं परिवार की सुख, समृद्धि, बच्चों के भविष्य के लिए पुण्य कमाने की जरूरत है।

त्यागी साधु, साध्वियों के मुख से धर्म कथा सुनने से व्यक्ति के पुण्य की आय बढ़ती है। जीवन में आगे बढऩे के लिए कभी भी



शार्टकट रास्ता नहीं अपनाना चाहिए। सफलता मेहनत करने से मिलती है सफलता एक साथ नहीं मिले तो निराश न हो लेकिन मेहनत करने पर सफलता एक ना एक दिन अच्छी मिलती है। जो सच्चे इंसान होते है वो परेशान हो सकते है लेकिन जीत उन्हें जरूर मिलती है। झूठे व्यक्ति कुछ दिन के लिए अच्छे बन सकते है लेकिन झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चलती है। झूठे बोलने वाले अपने लालच के लिए कुछ भी कर सकते हैं वो किसी के हितैषी नहीं होते है। जहां उन्हें लाभ मिलता है वो वहां पहुंच जाते है। प्रधान रामनिवास जैन ने बताया कि तेरापंथ भवन में सतसंग का लाभ मिल रहा है। यहां विराजमान दोनों समणियों द्वारा देशए विदेशों में धर्म का प्रचार भी किया है। रेखा, सुशील जैन, महेंद्र जैन, रमेश, प्रवीण जैन, अनिलए विजय मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय हड़ताल नौ को ऐतिहासिक होगी : रमेश

**जुलाना।** नौ जुलाई की राष्ट्रीय हडताल की तैयारी के लिए सीटू व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का संयुक्त जत्था जुलाना के पौली गांव में पहुंचने पर सीटू व सर्व कर्मचारी संघ के जिला नेतृत्व ने जोरदार स्वागत किया। सयुंक्त जत्थे ने जुलाना के गांव पौली, किलाजफरगढ़, देवरड, जुलाना बिजली घर आदि जगहों पर मजदूरों व कर्मचारियों की जनसभाएं की जिनको सीटू राज्य अध्यक्ष सुरेखाए मनरेगा मेट मजदूर यूनियन हरियाणा के राज्य अध्यक्ष रमेश चंद्र, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान संजीव ढांडा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर गरीब आदमी को भूखा मरने पर मजबूर कर रही है और पूंजीपतियों

# छुट्टियों में दिखाई प्रतिभा, बनाए बेहतरीन मॉडल

## *बच्चों ने होली-डे होमवर्क बुक पूरी कर स्कूल में जमा करवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना स्थित रोहिला सैकेंडरी स्कूल में इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों में हल्का-फुल्का होमवर्क दिया गया। जिसमें साइंस व भूगोल मॉडल्स, प्रोजेक्ट वर्क, चार्टस, क्ले क्रिएटिविटी वर्क शामिल रहा। हल्का-फु ल्का होमवर्क होने की वजह से बच्चों ने इसमें काफ ी रुचि दिखाई और अपने अभिभावकगण की सहायता से इसे पूरा किया। इसके अतिरिक्त प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों ने अपनी होली-डे होमवर्क बुक पूरी कर विद्यालय में जमा करवाई। गौरतलब है कि विद्यालय में इस वर्ष कई बदलाव किए गए हैं।



**जींद।** बच्चों द्वारा होली डे होमवर्क के दौरान बनाए गए मॉडल। *फोटो :हरिभूमि*

जिनका मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना और उन्हें पढ़ाई के दबाव से दूर रखना है ताकि बच्चों का सही बौद्धिक व शारीरिक विकास हो सके। विद्यालय मुख्याध्यापिका निर्मल रोहिला ने बच्चों का होमवर्क पूरा करने के लिए अभिभावकगण का धन्यवाद किया और पांच जुलाई से दसवीं कक्षा की अतिरिक्त कक्षाओं की घोषणा की।



**जुलाना।** कार्यक्रम में जगबीर सिंह को सम्मानित करते हुए लोग। *फोटो :हरिभूमि*

### देवरड़ के प्राध्यापक जगबीर सेवानिवृत

**जुलाना।** जुलाना देवरड़ गांव के रावमावि के प्राध्यापक जगबीर सिंह सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर हिंदु स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जगबीर सिंह की 36 साल की नौकरी के दौरान उनकी कार्य शैली को देखते हुए कई बार उन्हें सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र अब सरकारी नौकरी के बड़े पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन से आगे भी उम्मीद है कि वो सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेते रहेंगे। सोनीपत से कुलदीप शर्मा के बड़े भाई अशोक शर्मा, त्रिलोकी राम शर्मा, राजबीर शर्मा, डा. योगेश नांदल, सुभाष ढिगाना, एडवोकेट धर्मबीर शर्मा, रोहताश शर्मा, शिवनारायण शर्मा, डा. प्रीति शर्मा, संदीप पीटीआई आदि मौजूद रहे।

# पढ़ाई के साथ खेल जरूरीः सुखविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजकीय वमावि भौंगरा के प्रांगण में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गांव के सरपंच सुखविंद्र ने वुशु खिलाडिय़ों को किट वितरित की गई। अध्यक्षता प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने की। संचालक मा. रामप्रसाद ने गांव के सामने सोलर की बैटरियां लगवाने की मांग की ताकि भीषण गर्मी में बच्चों को राहत मिल सके। सरपंच ने मांग को पूरा करने की घोषणा की जिसमें चार बैटरी पांच किलो वाट के सोलर पैनल के लिए लगवाई जाएगी। सरपंच ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए खेलना बहुत जरूरी है। एक अच्छा खिलाड़ी भी एक अच्छा पढ़ाकू साबित हो सकता है, अब पुराना मिथक टूट चुका है। पुराने समय में जो बच्चे खेलों में हिस्सा लेते थे वह अक्सर पढ़ाई कम कर पाते थे। अब सर्वांगीण विकास की संकल्पना में प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर रहे हैं। गांव का यह राजकीय विद्यालय क्षेत्र की किसी भी प्राइवेट संस्था से काम नहीं है शिक्षा और खेल के क्षेत्र में विद्यालय का नाम चमक रहा है। यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। निगरानी समिति के पं. छबीलदास, राजवीर प्रधान, नरेंद्र शर्मा, बिट्टू कोच, बिजेंद्र, गुलशन कुमार, इंदिरा, ऊषा गुप्ता, सुनीता, अनीता, निर्मला, संगीता आदि मौजूद रहे।



**उचाना।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते सरपंच सुखविंद्र। *फोटो :हरिभूमि*



**नरवाना।** पौधरोपण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** बेटियों के अधिकारए सुरक्षा और शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओश अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वीरवार को नेहरू पार्कए छोटूराम कॉलोनीए नरवाना में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलोचना ने की। सुलोचना ने कहा की श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केवल सरकारी योजना नहींए यह एक सामाजिक आंदोलन है। जब तक हम अपने घर और समाज में बेटियों को समान अधिकार और अवसर नहीं देंगेए तब तक हम सशक्त भारत की कल्पना नहीं कर सकते। बेटियां सिर्फ घर की नहींए देश की भी शान हैं। हमें नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा को हथियार बनाना होगा।




**नरवाना।** पौधरोपण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### स्वयं सेविकाओं ने चालीस पौधे लगाए

**नरवाना।** एसडी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में एन एस एस की स्वयं सेविकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण की श्रृंखला को आगे बढ़ाते महाविद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एन एस एस स्वयं सेविकाओं ने एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ आदि के नारे लगाए। एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के 40 पौधे लगाए जैसे अमरुद जामुन आम नीम शीशम आदि। इनका मार्गदर्शन एनएसएस यूनिट की प्रभारी मधु शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ डॉ नयनदीपए डॉ अनीता छाबड़ाए डॉ शालू सचदेवाए निशाए रेणुए रितु तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी मधु शर्मा ने पौधों को नियमित जल देने के लिए तथा उनकी निरंतर देखभाल करने के लिए स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया।

**राजनीति** | मुख्यमंत्री नायब सैनी किसानों व मजदूरों के हितों के लिए कार्य कर रहे

# मनोहरलाल ने हरियाणा की राजनीति की दशा और दिशा को बदलने का काम किया : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा की राजनीति की दशा व दिशा को बदलने का काम किया है।

कंडेला ने कहा कि उन्होंने बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को रोजगार, हरियाणा में एक समान विकास, बिजली बिलों का शुद्धिकरण व



ऑनलाइन तबादले जैसे अनेकों सराहनीय कार्य किए हैं। आज हरियाणा प्रदेश के लोग इन कामों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यों की सराहना कर रहे हैं। इस राह पर चलते हुए हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा के विकास को बहुत तेजी से आगे ले जाने का कार्य किया है। उन्होंने किसानों व मजदूरों के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। उनका हर आदमी से मिलने से लोगों में उनकी पकड़ मजबूत होती जा रही है। विपक्षी पार्टियां उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराए हुए हैंए क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री आज दिन रात हरियाणा प्रदेश के लोगों की समस्याओं को दूर कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी 11 वर्ष के कार्यकाल में देश के सुरक्षा और विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं और भारत को विकसित भारत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यकाल में सड़कों का जाल बिछा कर आम आदमी की यात्रा को सुगम किया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से गिरी हुई है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी भारत मुक्त हो जाएगी।

### पंजाब में भी आप का होगा सफाया

उन्होंने पंजाब सरकार पर बोलते हुए कहा कि भगवंत मान ने किसानों के लिए झूठे वायदे करके इसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जैसे दिल्ली में आम आदमी का सफाया हुआ है। आने वाले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भी पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। हरियाणा प्रदेश की कांग्रेस पार्टी गुटों में बंटी हुई है। यह अपने-अपने डफली अपना-अपना राग अलाप रहे हैं और अपने वर्षों की लड़ाई लड़ रहे हैंए इनका कोई संगठन नहीं है कोई उनकी नीति नहीं है।

**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करें

**कैथल।** सड़क सुरक्षा विषय के तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन सहित युवाओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वीरवार को बस अड्डा कैथल व पेहवा चौक कैथल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश की अगुवाई में यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश व लीगल सैल टीम द्वारा आमजन सहित युवाओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया।

### तीन से चार दिनों तक बारिश की संभावना

**कैथल।** मानसून ने प्रदेश व जिले में दस्तक दे दी है, जिसे लेकर तीन से चार दिनों तक बारिश आने की पूरी संभावना जताई जा रही है। इसी बीच किसानों ने खेतों में धान रोपाई का काम तेजी से शुरू कर दिया है। बुधवार को भी बारिश के बाद कैथल शहर में दूसरे दिन उमस भरी गर्मी ने हाल बेहाल किया। उमस भरी गर्मी के बीच अधिकतम 36 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मंगलवार रात के समय राजौंद क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। बुधवार क्षेत्र के सौंगल, माजरा, हरसौला, प्यौदा, सिसला सहित कई अन्य गावों में धान की रोपाई का काम तेजी से किया।

### सरसों के तेल के दाम बढ़ाना गलतः सोनू

**राजौद।** इनेलो के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा ने कहा कि सरकार लगातार जन विरोधी फैंसले लेकर प्रदेश के बीपीएल धारकों,मध्यवर्ती लोगों और किसानों को परेशान कर रही है, जबकि इन्हीं लोगों ने भाजपा की सरकार बनवाई थी। इन वर्गों को राहत देने की बजाय परेशानियां पैदा कर रही है, प्रदेश की जनता पहले से ही चार गुना बिजली के बड़े रेटों से ग्रस्त थी और अब आईपीएल कार्डों को जो सरसों का तेल सस्ते दामों में हर महीने 40 रुपए का 2 लीटर दिया जाता था।

### हाइवे पर भरा बारिश का पानी बन रहा परेशानी

**उचाना।** बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। पुलिस थाना के सामने हाइवे पर भरा पानी परेशानी बन रहा है। मकानों के आगे पानी भरने से लोग घरों में रहने को मजबूर हो रहे है। हर बार बारिश के बाद ये हाल हाइवे पर सर्विस रोड पर होता है। कई बार लोग हाइवे प्रशासन से मांग कर चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। हाइवे से वाहनों के आवागमन के दौरान पानी घरों के अंदर तक भर जाता है। निकासी का समाधान करने की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### मुनीम एसो.ने वार्षिक भंडारा लगाया

**कलायत।** नगर व क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए कलायत अनाज मंडी मुनीम एसोसिएशन द्वारा वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत अनाज मंडी स्थित पीर बाबा धार्मिक स्थल पर पूजा अर्चना से हुई। बाद कन्या भोजन से भंडारा की शुरूआत हुई। हजारों लोगों ने भंडारे में सामूहिक तौर पर प्रसाद ग्रहण किया। मुनीम एसोसिएशन प्रधान लीला राम शर्मा, तरेसम शर्मा, टिंकू, सतीश शर्मा, राजेश शर्मा व संदीप ढुल ने बताया की क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए हर वर्ष वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### साइकिल चोरी के मामले में दूसरा आरोपित दबोचा

**कैथल।** कलायत स्थित कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से साइकिल चोरी के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के पीएसआई मन्नू की टीम द्वारा करते आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की लैब में कार्यरत बढसिकरी खुर्द निवासी अनिल की शिकायत अनुसार 27 जून को कलायत निवासी बलजीत अस्पताल से कर्मचारियों द्वारा इस्तेमाल होने वाली साइकिल को चुरा ले गया।

## दो घंटे के बाद पुलिस और नप अध्यक्ष के आश्वासन पर खोला

# भगत सिंह चौक पर चबूतरे तोड़ने से खफा दुकानदारों ने लगाया जाम

**दोबारा से बनवाए जाएंगे चबूतरे : सुमित गर्ग**

**भगत सिंह चौक पर नगर परिषद की ओर से दुकानों के चौतरे तोड़ने का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के भगत सिंह चौक पर बुधवार देर रात दुकानदारों को बिना सूचना दिए ही नगर परिषद की ओर से दुकानों के चौतरे तोड़ने से खफा दुकानदारों ने वीरवार से चौक पर जाम लगा दिया। इस दौरान दुकानदारों ने नप टीम की ओर से रात के दुकानों के आगे नालों की सफाई का बहाना बना तोड़े गए चबूतरों की कार्रवाई करने पर विरोध जताया। इसके साथ ही कई दुकानदारों ने विरोध स्वरूप सुबह 11 बजे तक अपनी दुकानें भी बंद रखी। दुकानदारों का कहना था अधिकारियों ने दुकानदारों को बिना सूचना दिए ही यह कार्रवाई की। इससे वे काफी खफा हैं। हालांकि दुकानदारों ने प्रदर्शन के दो घंटे के बाद पुलिस व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित गर्ग की ओर से चौतरों का निर्माण करवाने के आश्वासन पर जाम खोल दिया। जाम की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस के विधायक आदित्य सुरजेवाला पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही दुकानदारों ने जाम खोला। प्रदर्शन के दौरान पार्षद रामबीर उर्फ लीलू सैनी, अशोक मंगला, रोशन लाल मित्र, रामकुमार मितल, दीपक, बंटी, गौरव, मनीष, गौरव बंसल, सुखदेव सैनी चरणजीत विरमानी ने कहा कि गनर परिषद के अधिकारियों ने बिना कोई सूचना दिए ही दुकानों के चौतरें तोड़े। इसलिए संबंधित विभाग दुकानदारों को उनका मुआवजा दे और यह कार्रवाई करने वाले आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते केस दर्ज करे। यदि नगर परिषद कोई ऐसी कार्रवाई करती तो पहले दुकानदारों को नोटिस दिए जाएं।



कैथल। भाजपा नेता सुमित गर्ग दुकानदारों को समझाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नुकसान से भरपाई की मांग पर अड़े

दुकानदारों ने वीरवार सुबह करीब पौने नौ बजे ही नप टीम की ओर से की गई कार्रवाई के विरोध में जाम लगा दिया था। इस दौरान मौके पर पहुंची शहर थाना प्रभारी गीता रानी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदार नहीं माने और वे प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद नगर परिषद से कई अधिकारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित गर्ग मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को समझाया, लेकिन दुकानदार उनकी दुकानों पर तोड़े गए चौतरें से हुए नुकसान से भरपाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद प्रतिनिधि ने चबूतरे ज्यों की त्यों बनाने का आश्वासन दिया। उनका कहना था कि इसका खर्च भी वे स्वयं वहन करेंगे। इसके बाद दुकानदार मानें और पौने 11 बजे जाम खोल दिया। जबकि इससे पहले दुकानदारों की चेतावनी दी थी कि यदि नप के अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की तो वे टेंट लगा धरना देंगे।

### विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कार्रवाई की निंदा की

नप की कार्रवाई के बाद कांग्रेस के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने इस कार्रवाई को लेकर कड़े शब्दों में भाजपा सरकार की निंदा की। आदित्य सुरजेवाला ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को अपना समर्थन दिया और नगर परिषद प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने भाजपा की अध्यक्ष व उनके नुमाइंदों पर सीधे तौर से आरोप लगाते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि रात के अंधेरे में चोर और गुंडों की तरह भगत सिंह चौंक मार्किट में की गई नगर परिषद प्रशासन की कार्रवाई दर्शाती है कि भाजपा सरकार और नगर परिषद अध्यक्ष की शह के तहत इस साजिश को अंजाम दिया गया है। दुकानदारों और मार्किट प्रधान को न नोटिस दिया गया और न उन्हें बताया, बल्कि जिस तरह से रात को चोर व बदमाश निकलते हैं उसी तरह से जेसीबी व बुलडोजर लेकर दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया।



पूंडरी। नवीन संकल्प जनसेवा शिविर के दौरान निधि मोहन, अरविंद गोलन व अन्य।

## पैतालिस ग्रामीणों ने लिया निःशुल्क सेवाओं का लाभ

- बुच्ची गांव में स्वास्थ्य और जनसेवा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नवीन जिंदल फाउंडेशन के सौजन्य से आज गांव बुच्ची में एक दिवसीय नवीन संकल्प जनसेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया। फाउंडेशन की इस जनकल्याणकारी पहल ने गांववासियों को राहत देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। शिविर में परिवार पहचान पत्र एवं पेंशन संबंधित सेवाएं, स्वास्थ्य जांच (खून व यूरिन टेस्ट), एमबीबीएस डॉक्टर से परामर्श, तथा मुफ्त दवाइयों का वितरण प्रमुख सेवाएं रही। फाउंडेशन की मोबाइल मैडिकल यूनिट ने मौके पर ही सभी जांच और परामर्श की व्यवस्था की, जिससे ग्रामीणों को सुविधाजनक और किफायती इलाज उपलब्ध हो सका। पूंडरी हलका इंचार्ज अरविंद गोलन ने बताया कि शिविर में कुल 45 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 10 लोगों के रक्त व मूत्र की जांच की गई। 25 लोगों की आधार व फैमिली आई.डी. से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया गया।

### ये रहे मौजूद

लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सेवाएं अक्सर बड़े शहरों में ही मिलती हैं, लेकिन फाउंडेशन इसे गांव-गांव पहुंचाकर असल जरूरतमंदों को राहत दे रहा है। शिविर का शुभारंभ करते हुए नवीन जिंदल फाउंडेशन की प्रतिनिधि निधि मोहन ने कहा यह शिविर नवीन जिंदल की समाज सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनका उद्देश्य यही है कि हर व्यक्ति को, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रशासनिक सहायता सुलभ हो। इस अवसर पर डॉ. बलिंद्र, राहुल शर्मा, सुमित गोयत और नितिन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और व्यवस्था को सुचारु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस शिविर के आयोजन पर नवीन जिंदल फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की सेवाएं समय-समय पर मिलती रहेंगी।

## श्वेता स्कूल की वाणी ने इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

- थाईलैंड के बैंकॉक में ओपन कराटे चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

श्वेता स्कूल फतेहपुर-पूंडरी की छात्रा वाणी मग्गो ने थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित अंडर-14 आयु वर्ग की थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पूंडरी क्षेत्र व हरियाणा का नाम रोशन किया है। चैंपियनशिप 16-17 देशों के खिलाड़ी की भागीदारी में आयोजित हुई थी। वाणी ने थाईलैंड की फाइनलिस्ट खिलाड़ी को हराकर यह स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता 25 जून से 29 जून तक चली थी। वाणी के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन ने उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया व स्कूल स्टाफ ने छात्रा को फूल मालाएं पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। दीपक वालिया ने वाणी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते आश्वस्त किया कि भविष्य में भी स्कूल की ओर से हरसंभव सहायता दी जाएगी। इसी स्कूल के पांचवीं कक्षा के छात्र मयंक ने भी 8 आयु वर्ग में सोलन हिमाचल में हुई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया।



पूंडरी। श्वेता स्कूल में विजेता छात्रा वाणी का स्वागत करते प्रबंधक दीपक वालिया।

### एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया

**राजौद।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा एक पौधा मां के नामअभियान के तहत आस पास के गांव में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आश्रम की बहनों द्वारा गुरुवार को गांव नीमवाला में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि आज का नागरिक पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों से विमुख होने तथा जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के भाव की बजाए उस पर और अधिक बोझ डालते जा रहा है। आज हम पर्यावरण की दृष्टिकोण से बहुत गंभीर संकट की स्थिति में खड़े है हम पर्यावरण को आध्यात्म से जोड़े तभी हम अगली पीढ़ी को कुछ दे पाएंगे।

## फोन गुम होने पर तुरंत शिकायत दें: एसपी

- साइबर सेल टीम ने जून में ढूंढ निकाले करीब 13.75 लाख रुपये कीमत के 86 गुमशुदा मोबाइल
- डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने मोबाइल मालिकों को सौंपे उनके फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी के कुशल मार्गदर्शन में जिला की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी पीएसआई अमन की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर माह जून में आमजन के गुम हुए करीब 13.75 लाख रुपये से अधिक कीमत के 86 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। उप पुलिस अधीक्षक गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन कैथल में आज उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीइआइआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते लाखों की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीइआइआर पोर्टल के विषय में बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है।



कैथल। फोन मालिकों को गुमशुदा फोन लौटाते हुए डीएसपी गुरविंद्र सिंह।

## दूसरो को भी सफाई अभियान के प्रति प्रोत्साहित करने का आह्वान

- नगर पालिका राजौंद ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**राजौद।** नगर पालिका राजौंद की और से स्वछता अभियान को लेकर राजौंद के एमडी सिनियर सैकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एम डी स्कुल के स्टॉफ व छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बता दें की हरियाणा सरकार व प्रशासन के दिशा निर्देश में स्वछता पखवाडा मनाया जा रहा है। इस दौरान नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया की बरसात का मौसम होने की वजह से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है, यदि अपने आस पास सफाई होंगी और गंदगी के ढेर व गंदा पानी नहीं खड़ा होगा तो बीमारी व बीमारी जनक कीट भी नहीं पनप पाएंगे। जिससे हम खुद की जागरूकता की वजह से दूसरो को भी सफाई अभियान के प्रति प्रोत्साहित कर सकेंगे। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा की स्वछता भगवान का दूसरा रूप होती है।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य नपा स्टाफ सदस्य।

## वैध केंद्रों की ही सेवाएं लें महिलाएं

- अवैध गर्भपात करवाना कानूनन जुर्म, संबंधित विभागों के अधिकारी जमीनी स्तर पर बनाए रखें नजर
- जिला प्रशासन ने जारी की जिले में संचालित 21 वैध गर्भपात केंद्रों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि यदि किसी गर्भवती महिला के लिए चिकित्सीय जरूरतों को देखते आपात स्थिति में गर्भपात करवाना पड़े तो वह वैध गर्भपात केंद्रों में ही सेवाएं लें। अवैध गर्भपात केंद्रों में नियमों का उल्लंघन करते हुए गर्भपात करवाना कानूनन जुर्म है।

उन्होंने कहा कि जिले में 21 ऐसे वैध गर्भपात केंद्र हैं, जहां आपात स्थिति में महिलाएं सरकार व स्वास्थ्य विभाग के नियमानुसार निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए गर्भपात करवा सकती हैं। डीसी प्रीति ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी लिंगानुपात की स्थिति में सुधार के लिए एमटीपी एक्ट के प्रावधानों का सख्ती से पालन करवाएं।

### एमटीपी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध



डीसी ने कहा कि जिले में महिलाओं को यह भी मालूम होना चाहिए कि चिकित्सकीय कारणों से यदि किसी आपात स्थिति में किसी महिला को गर्भपात भी करवाना पड़ जाए तो यह किस समय तक और किस अस्पताल में करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में 21 ऐसे केंद्र हैं, जहां महिलाएं आपात स्थिति में इन केंद्रों की सेवाएं ले सकती हैं। इन 21 वैध गर्भपात केंद्रों के अलावा यदि कहीं भी जिले में गर्भपात किया जा रहा है तो वह अवैध है और एमटीपी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि वे वैध गर्भपात केंद्रों में भी नियमों की पालना की लगातार निगरानी करते रहें। यदि इन केंद्रों में से भी किसी केंद्र पर नियमों की अवहेलना हो रही है तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा जमीनी स्तर पर अपने नेटवर्क को मजबूत करें, सूचनाएं एकत्रित करें। यदि कहीं लिंग जांच या अवैध गर्भपात जैसी सूचना मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाए।

## लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में हड़ताल में भाग लेगा संघ : शिवचरण

**जींद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला जीन्द की मीटिंग जिला प्रधान जगदीश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन जीन्द ब्लॉक उपप्रधान सोहन लाल ने किया। मीटिंग में कर्मचारियों को सम्बोधित करते नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता शिवचरण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नीतियां तेजी से लागू कर रही है। जिससे लगातार महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है इन पर रोक लगाने की बजाय केंद्र व राज्य सरकार जाति व धर्म के नाम पर लोगों का ध्यान बढने पर लगी हुई है और अपने चहेते पंजीपतियों को लाभ पहुंचे पर लगी हुई है। इन मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। बैठक में जीन्द ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र कुमार, सोहन दास, अजय कुमार, जितेंद्र कुमार, सफीदों से ब्लॉक प्रधान सूरजभान, जगत सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



जींद। मीटिंग में चर्चा करते नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

## आपसी तालमेल के साथ काम कर कुपोषण को खत्म करने में सहयोग करें : बाबूलाल



कैथल। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**कैथल।** कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी चयनित गांवों में बच्चों के पोषण से संबंधित जानकारी ली। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाईजरों से ग्रामीण स्तर पर किए गए प्रयास एवं कार्यों का ब्योरा लिया गया।एडीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करते हुए कुपोषण को खत्म करने में सहयोग करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा आरबीएसके की टीम को आदेश दिए गए कि जब वे स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच करें, तब वे उस गांव के अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच करें। इस अवसर पर आबीएसके टीम का डाटा व पोषण ट्रैकर का डाटा का मिलान किया।

**परेशानी** प्लॉट खरीदने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

# पूंडरीः एचएसवीपी सेक्टर सुविधाओं को तरसा नागरिकों में प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी शहर का एचएसवीपी सेक्टर, जिसे कभी आधुनिकता और सुविधाओं के आदर्श मॉडल के रूप में बसाया गया था, आज बदहाल व्यवस्थाओं और प्रशासनिक अनदेखी के कारण नारकीय हालात में तब्दील हो चुका है। करोड़ों रुपये खर्च कर इस सेक्टर में प्लॉट खरीदने वाले लोग आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय निवासी अमित कुमार, बलराज टाया, बलराम खुराना, संजीव कुमार, बिनु सेठ, मोदी गर्ग, महाबीर और गोपी लूथरा ने बताया कि सेक्टर की सड?ों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। हर ओर टूटी हुई गलियां, जलभराव और उखड़ी इंटरलॉकिंग टाइल्स लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय लोगों का निकलना दूभर हो गया है। सेक्टर में आवारा कुत्तों, बंदरों और बेसहारा पशुओं की भरमार है। कई बार ये जानवर बच्चों और बुजुर्गों पर हमला भी कर चुके हैं, जिससे लोग भय के साए में जी रहे हैं। सेक्टर में बने पार्क कभी सुकून का केंद्र हुआ करते थे, आज वहां झाड़-झंखाड़ और कांग्रेस घास ने कब्जा जमा लिया है।



पूंडरी। सेक्टर निवासी समस्याओं की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### निवासियों की एकजुट आवाज, अब नहीं सहेंगे अनदेखी

स्थानीय निवासियों ने सामूहिक रूप से प्रशासन से मांग की है कि सेक्टर में तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए, स्ट्रीट लाइटें ठीक की जाएं, पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाए और आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### सफाई के लिए नपा के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी नहीं

सफाई के लिए नपा के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी नहीं हैं। सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए अप्रूवल भेजी गई है। फिलहाल जो स्टाफ है, उसी से काम चलाया जा रहा है। सेक्टर में जल्द ही सफाई और लाइटों का काम करवाया जाएगा। -**नरेश कुमार**, सचिव नगरपालिका पूंडरी

## बीए व बीकॉम की दूसरी लिस्ट 90 प्रतिशत से अधिक रही

# महाविद्यालयों में 9 जुलाई को ओपन फिजिकल काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- उच्चतर शिक्षा विभाग ने जारी की दूसरी मेरिट सूची
- विद्यार्थियों को दस्तावेजों के साथ आना होगा कॉलेज।

उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से वीरवार को दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। बीए और बीकाम की मेरिट इस बार भी 90 प्रतिशत से ऊपर रही है। चयनित विद्यार्थी सात जुलाई तक कालेजों में दाखिला ले सकते हैं। कालेजों में नौ जुलाई को ओपन फिजिकल काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। कालेजों के पोर्टल पर दूसरी मेरिट सूची आ गई है। हा लां कि प्रोविजनल मेरिट सूची बुधवार को आ गई थी। दूसरी सूची के तहत दाखिला प्रक्रिया फाइनल सूची के आधार पर ही शुरू होगी। विद्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ कालेजों पहुंचेंगे। फीस व चालान बनाने, दस्तावेज, फार्म लेने और हस्ताक्षर के लिए अलग-अलग डेस्क से कोर्स के लिए फार्म लेने होंगे। पहली मेरिट सूची के अनुसार आरकेएसडी कालेज ने विभिन्न कोर्सों के तहत करीब 832 विद्यार्थियों को दाखिला दिया था। दूसरी मेरिट सूची के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि कालेज स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए सभी दो हजार सीटों पर अपने सभी प्रवेश पूरे कर लेगा। अगर कुछ सीटें खाली रहती हैं तो खुली प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो सकती है।


कैथल। आरकेएसडी कालेज में विद्यार्थियों को समझाते प्राध्यापक।

### सात तक लें दाखिले

उच्चतर शिक्षा विभाग ने वीरवार को दूसरी मेरिट सूची जारी की है। विद्यार्थी सात जुलाई तक कालेजों में दाखिला ले सकते हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए दाखिला डेस्क लगाए हुए हैं।

- डा. मनोज कुमार, उच्चतर शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी।

### इंदिरा गांधी महिला कालेज की सामान्य वर्ग में मेरिट लिस्ट

| कोर्स | आल इंडिया उच्चतम | आल इंडिया न्यूनतम | हरियाणा में उच्चतम | हरियाणा में न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|
| बीए एडिड | 82.6 | 71.4 | 71.2 | 51.8 |
| बीकाम | 77.8 | 70 | 68.8 | 56.4 |
| बीसीए | 79 | 58.2 | | |
| बीएससी लाइफ साइंस | 78 | 73.8 | 68 | 60.2 |

### आरकेएसडी कालेज में यूं रही दूसरी मेरिट लिस्ट

बीए की 560 सीटों के लिए मेरिट

| कैटेगरी | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 83.4 | 77.6 |
| आल इंडिया ईडब्लूएस | 64 | 47 |
| हरियाणा जनरल | 77.4 | 71 |
| ओएससी | 70.8 | 69.4 |

बीए स्वपोषित 150 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 73.4 | 52.4 |

बीकाम की 160 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 92.8 | 85.2 |
| आल इंडिया ईडब्लूएस | 57.2. | 57.2 |
| हरियाणा जनरल | 84 | 73.2 |
| ओएससी | 85.6 | 63.2 |
| बीसी-ए | 62.6 | 61.4 |
| बीसी-बी | 68.2 | 63.8 |

बीकाम सेल्फ फाइनेंस की 80 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 83.4 | 56.4 |
| हरियाणा जनरल | 49.8 | 49.8 |

बीएससी फिजिकल साइंस की 140 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 75.6 | 61.6 |
| हरियाणा जनरल | 60 | 54.2 |

बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 80.6 | 77 |
| हरियाणा जनरल | 77 | 64 |
| ओएससी | 61.6 | 56.4 |

बीएससी फिजिकल एजुकेशन (वित्त पोषित) की 55 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 84.2 | 84.2 |
| हरियाणा जनरल | 83.8 | 67.6 |
| डीएससी | 66.8 | 66.8 |

बीसीए (वित्त पोषित) की 140 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 78 | 75.6 |
| आल इंडिया ईडब्लूएस | 63.6 | 63.6 |
| हरियाणा जनरल | 75 | 64.6 |
| ओएससी | 63.8 | 61.4 |
| बीसी-ए | 63.6 | 54.2 |
| बीसी-बी | 63 | 49.4 |

बीबीए (वित्त पोषित) की 70 सीटों के लिए

| | | |
|---|---|---|
| आल इंडिय | 84.6 | 78 |
| हरियाणा जनरल | 77.8 | 71.4 |
| डीएससी | 55 | 52 |
| बीसी-ए | 70.2 | 63.2 |

*विभाग ने जारी की पहली मेरिट लिस्ट कम सीटों की अलाटमेंट*

# आईटीआई में दाखिले का इंतजार हुआ खत्म

## कैथल आईटीआई में 110 प्रतिशत तक पहुंची मेरिट लिस्ट, शनिवार को भी खुली रहेंगी आईटीआई, सबसे टॉप पर रही इलेक्ट्रिशियन और कंप्यूटर कोर्स की मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का वीरवार को इंतजार समाप्त हो गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने वीरवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी कर दी है। पहली मैरिट सूची में करीब 60 प्रतिशत सीट अलाट की गई हैं। गौरतलब है कि आईटीआई में मिशन एडमिशन 6 जून से शुरू हो गया था। बता दें कि 6 से 27 जून तक आनलाइन आवेदन जमा करवाए गए थे। जिले में 9 राजकीय और 9 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं जिनमें करीब 5000 सीटो पर दाखिला किया जाना है। यदि कैथल के आईटीआई की बात की जाए तो यह संस्थान में आनलाइन आवेदन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। यहां 1250 सीटों के लिए 8474 आवेदन आए हैं।

**07 तक फिजिकल वैरीफिकेशन:** पहली मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट हुई हैं तो वे 07 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में जाकर अपने मूल दस्तावेजों के साथ फिजिकल वैरीफिकेशन करवा सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थी को आनलाइन पोर्टल पर ही 8 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनकी सीट अपने आप ही रद्द हो जाएगी।

**अवकाश के दिन भी होंगे दाखिले** अधिकतर राजकीय आईटीआई में शनिवार को अवकाश होने के बावजूद भी दाखिला कमेटियों द्वारा दाखिला किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को सीट जारी संबंधित मैसेज मिला है तो वे आनलाइन पोर्टल से अपना सीट अलाटमेंट लेटर लेकर संबंधित आईटीआई में जाकर दाखिला ले सकेंगे।


कैथल। आईटीआई में वैरीफिकेशन करवा दाखिला लेते विद्यार्थी।

### 1250 में से 771 अलाट

नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि पहली सूची में 1250 में से 771 सीट अलाट हुई हैं। दाखिला कमेटियों गठित कर दी गई हैं। विद्यार्थी शेड्यूल अनुसार दाखिला ले सकते हैं। पहली मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों को सात जुलाई तक डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते हुए दाखिला ले सकते हैं।

### यूं रही आईटीआई कैथल की मेरिट लिस्ट

| कोर्स का नाम | अधिकतम |
|---|---|
| सीएचएनएम | 100 |
| कोपा | 105 |
| डाफ्टसमैन सिविल | 88 |
| डाफ्टसमैन मैकेनिक | 87.6 |
| डेस मेकिंग | 102.6 |
| इलेक्ट्रिशियन | 110 |
| इलेक्टोनिक मैकेनिक | 104 |
| फीटर | 92.2 |
| फायर टैक्नोलाजी | 105 |
| मशीनीस्ट | 89 |
| मशीनीस्ट ग्राइंडर | 63 |
| मोटर मैकेनिक व्हीकल | 100 |
| मैकेनिक टैक्टर | 86 |
| मल्टीमीडिया | 88.8 |
| पेंटर जनरल | 88.6 |
| पलंबर | 96 |
| मैकेनिक आरएसी | 97 |
| सीविंग टैक्नोलाजी | 78.6 |
| सायल टैस्टिंग | 87.4 |
| एसएसए अंग्रेजी | 97.2 |
| एसएसए हिंदी | 105.0 |
| टीपीईएस | 99.6 |
| टूल एंड डाई | 99.6 |
| टर्नर | 71.4 |
| वैल्डर | 103 |
| वायरमैन | 100 |
| वूड वर्क | 88.2 |

प्रथम लिस्ट में यूं रही सीटों की अलाटमेंट

| | |
|---|---|
| सीएचएनएम | 24 |
| कोपा | 82 |
| डाफ्टसमैन सिविल | 16 |
| डाफ्टसमैन मैकेनिक | 11 |
| डेस मेकिंग | 21 |
| इलेक्टिशियन | 51 |
| इलेक्टोनिक मैकेनिक | 30 |
| इंस्टरूमैंट मैकेनिक | 05 |
| फीटर | 25 |
| फायर टैक्नोलाजी | 41 |
| मशीनीस्ट | 12 |
| मशीनीस्ट ग्राइंडर | 02 |
| मोटर मैकेनिक व्हीकल | 28 |
| मैकेनिक टैक्टर | 22 |
| मल्टीमीडिया | 13 |
| पेंटर जनरल | 09 |
| पलंबर | 26 |
| मैकेनिक आरएसी | 13 |
| सीविंग टैक्नोलाजी | 11 |
| सायल टैस्टिंग | 10 |
| एसएसए अंग्रेजी | 74 |
| एसएसए हिंदी | 21 |
| टीपीईएस | 09 |
| टर्नर | 20 |
| टूल एंड डाई | 08 |
| वैल्डर | 26 |
| वायरमैन | 38 |
| वूड वर्क | 31 |

**यूं रहेगा शेडयूल**

▶▶| पहली मैरिट लिस्ट
▶▶| डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 03 जुलाई से सात जुलाई तक
▶▶| फीस जमा करवाने की तिथि- 03 जुलाई से 8 जुलाई तक

**डाक्यमेंट वेरीफिकेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज**

▶▶|1 फार्म में दर्शाई गई शैक्षणिक योग्यता के ओरिजिनल प्रमाण पत्र तथा उनकी एक-एक फोटो प्रति।
▶▶|2 आनलाइन आवेदन किए गए फार्म की प्रति
▶▶|3 पोर्टल से निकाली गई सीट अलाटमेट की प्रति।
▶▶|4 जाति प्रमाण पत्र यदि एससी, बीसी या अन्य श्रेणी से संबंधित है।
▶▶|5 भूतपूर्व सैनिक, पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, यदि आवेदन में दर्शाया है।
▶▶|6 आनलाइन फीस जमा करवाने हेतु एटीएम कार्ड या अन्य।
▶▶|7 दो पासपोर्ट साइज नवीनतम रंगीन फोटो।
▶▶|8 फीस आनलाइन जमा करवाई जा सकेगी।

# गांव के बेटे का छात्रों को गिफ्ट

- चौशाला के परमजीत ने अमेरिका से स्कूल में भेंजे ट्रैक सूट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव चौशाला स्थित राजकीय माडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अमेरिका में रह रहे गांव के बेटे परमजीत द्वारा उपहार भेजे गए हैं। इसमें ट्रैक शूट, स्पोर्टस शूज व जुराबें शामिल हैं। बेटे का उपहार गांव में रह रहे उनके पिता रामकिशन भाल स्कूल लेकर पहुंचे। स्कूल के 26 लडक़े-लडकियों को ट्रैक शूट प्राचार्य जोगेंद्र नैन ने शिक्षकों की मौजूदगी में सौंपें। सरकारी स्कूलों का ढांचा मजबूत करने की दिशा में युवा द्वारा बढ़ाए गए कदमों की प्रशंसा खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने भी की। छात्र-छात्राओं की खिलाड़ी टीम का उत्साह बढ़ाने का सुझाव परजीत के शिक्षक रहे जेबीटी शिक्षक मुकेश कुमार ने रखा था। सुबह होते ही परजीत के मुखिया उनके पिता रामकिशन भाल बड़े बजट से खरीदे गए सामान के साथ स्कूल में हाजिर हुए। पौत्री अंबर के जन्म दिन की खुशी में परिवार के सदस्यों की भांति विद्यार्थियों को तोहफे मिले। इस मौके पर प्रदीप कुमार, सुनील वर्मा, मुकेश कुमार, सुनील दत्त, राजेश कुमार और अशोक स्वामी मौजूद रहे।


कलायत। विद्यार्थियों को अमेरिका से बेटे द्वारा भेजे गए उपहार भेंट करते पिता रामकिशन भाल। फोटो : हरिभूमि

# सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण, दिए निर्देश

- नशा मुक्ति अभियान से जुड़ कर करें नशे पर वार : सीजेएम

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मोनिका ने वीरवार को सोमनाथ मंदिर के नजदीक नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशा के बारे में बताया। नशे को मनुष्य के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में नौ उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जानी वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। प्राधिकरण सचिव ने स्टाफ को निर्देश दिए की व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही नहीं की जाए।


जांच करते हुए सीजेएम मोनिका।

# मांगें पूरी न होने पर जताया रोष

- नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़चढ़ कर लेंगे भाग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा की बैठक वीरवार को बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता डिपो राज्य कमेटी सदस्य जयवीर तालू ने की। अपनी लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। शिवकुमार श्योराण ने कहा कि नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रोडवेज के कर्मचारी भाग लेंगे। इस दौरान रोडवेज का पूर्ण रूप से चक्का जाम रहेगा। सांझा मोर्चा ने हरियाणा सरकार और अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में कर्मचारियों 10 से 12 मांगों पर सहमति बनी थीए लेकिन अब तक सरकार ने एक भी मांग का परिपत्र जारी नहीं किया। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। 22 मई को महानिदेशक व पिछली सरकार में परिवहन मंत्री से कई बार हुई बातचीत में मानी गई मांगों को लागू नहीं करने पर रोडवेज कर्मचारी ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी। उनमें प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसों को रोडवेज में शामिल करने परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की शक्ति महाप्रबंधकों को देने, 2004 से पहले लगे चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का जैंसी मांगें थी।


जींद। बैठक करते हुए रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# बेटी चाहत को न्याय दिलवाने के लिए एकजुट हुई बिनैण खाप


नरवाना। खाप की मीटिंग में शामिल खाप पदाधिकारी।

- आइस स्केटिंग एसोशिएन के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आइस स्केटिंग की नेशनल चैम्पियनशिप में नरवाना की बेटी के खिलाफ हुई नाइंसाफी के खिलाफ के बिनैण खाप एकजुट हो गई है। इस मामले में जल्द ही एक पंचायत का आयोजन करने के अलावा मुख्यमंत्रीए केन्द्रीय खेल मंत्रीए राज्य खेल मंत्री व स्थानीय मंत्री कृष्ण बेदी व हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात करके हरियाणा आइस स्केटिंग के महासचिव दीपक कोहाड़ व दूसरे पदाधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने व बेटी को न्याय दिलवाने की गुहार लगाएंगे।

इसके अलावा पीडित आइस स्केटर्स चाहत के पिता प्रदीप जेलदार धमतान साहिब ने हरियाणा आइस स्केटिंग के चुनावों में फर्जीवाड़े व बैंक से फर्जी तरीके से लाखों रुपये का गबन करने का भी आरोप लगाया है। उनके अनुसार हरियाणा आइस स्केटिंग के महासचिव दीपक कोहाड़ व अन्य पदाधिकारी आरंभ से ही उसकी बेटी को हराना और प्रतियोगिता के बाहर निकालना चाहते थे। जिससे वो चाहत की जगह अपनी पंसदीदा लड़की को उसके स्थान पर खिलवा सके। पीडित आइस स्केटर्स चाहत के पिता प्रदीप जेलदार के अनुसार उनकी बेटी व दूसरे प्रदेशों की छह लड़कियां आइस स्केटिंग की नेशनल प्रतियोगिता में एक साथ आइस स्केटिंग कर रही थी। उसी कड़ी में एक आइस स्केटर्स ने हरियाणा की लड़की नरवाना की चाहत नैन को जानबूझ कर गिरा दिया था। खेल संघ से जुड़े पदाधिकारियों की साजिश के चलते ही चाहत हरियाणा के लिए पदक नहीं जीत पाई।

### कार्रवाई की गई

चाहत के विरोध के बाद उन्होंने ने अपनी गलती का अहसास करते हुए चाहत का चयन नेशनल के लिए किया। लेकिन अन्दर खाते उनकी रंजिश चाहत के लिए बरकरार रहीएजिसका अंजाम चाहत की हार के रूप में सामने आया। रंगी राम धमतान ने बताया कि बिनैण खाप के पदाधिकारियों से मिलकर इस मामले को संज्ञान में लेते हुए चाहत के खिलाफ हुई ना इंसाफी के लिए आवाज उठाने का काम किया जाएगाए इसके लिए मुख्यमंत्रीए खेल मंत्री और नरवाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सामने सारे मामले को संज्ञान में लाकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी की मांग की थी।

# स्कूलों में पढ़ाया जाएगा जल संरक्षण का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो द्वारा जल जीवन मिशन और ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के सफल संचालन एवं सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला सलाहकार दीपक कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई, जिसमें सभी ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर्स ने भाग लिया। बैठक में जुलाई माह के दौरान चलाए जाने वाले विशेष जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।


कैथल। दीपक शर्मा कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को जल संरक्षण और डायरिया से बचाव के विषय में शिक्षित किया जाएगा। बच्चों को जल संरक्षण के पांच महत्वपूर्ण सिद्धांत रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज, रीसाइकिल और रिस्पेक्ट के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की संरचना और पानी की गुणवत्ता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी।

### गांव-गांव जाकर करेंगे जागरूक

ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर्स अब अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में जाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण, डायरिया से बचाव और वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक करेंगे। खासतौर पर खंड कलायत और राजौंद जैसे क्षेत्रों में, जहां जल संकट की स्थिति अधिक है, वहां ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपायों से जोड़ा जाएगा ताकि पानी की आपूर्ति बनी रहे। बैठक में रघबीर सिंह, विष्णु शर्मा, चंद्रशेखर और संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीएम की सोच साफ, ईमानदारी से काम व विकास करने की नीयत

- निवर्तमान जिला अध्यक्ष ने सरकार की नीतियों का सराहा।

**पूंडरी।** भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश एक नई ऊर्जा और नए विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के जनहितैषी निर्णयों और योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है और यह दिखाता है कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को वास्तविक धरातल पर उतार रही है। चाहे कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो, किसानों की योजनाएं, नौजवानों के लिए रोजगार अवसर हर मामले में सरकार ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली जमीनी हकीकत से जुड़ी हुई है।


पूंडरी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ढांड। (फाईल फोटो)

**प्रतिभा** | मनुष्य के जीवन में वेदों का बताया महत्व, अपने खुद के लिए पत्रों को फ्रेम में लगवाकर कर रहे वितरित

*सुप्रीम स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है भार्गव, जिला प्रशासन व राज्यपाल से हो चुका सम्मानित*

# भार्गव अपनी सुंदर लेखन कला से कर रहे भारतीय सनातन संस्कृति का देशभर में प्रसार और प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुप्रीम स्कूल के छात्र एवं जींद निवासी भार्गव अपनी सुंदर लेखन कला द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बारहवीं कक्षा के छात्र भार्गव को सुंदर हस्तलेखन के लिए जिला स्तर पर जिला प्रशासन एवं प्रांत स्तर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। भार्गव अपने माता पिता की प्रेरणा से पिछले पांच वर्षों से भारतीय सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ावा देने के लिए हस्तलिखित चारों वेदों, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद तथा मानव जीवन में वेदों की उपयोगिता और महत्व की जानकारी, वैदिक मंत्र जैसे गायत्री मंत्र, गुरु मंत्र, कल्याण मंत्र अर्थ सहित, देवी देवताओं की आरती एवं मंत्र, जिनमें मां दुर्गा, विष्णु जी, शिवजी, श्रीराम जी, गणेश जी, हनुमान जी, भगवान धन्वंतरि जी और भारत माता की वंदना इत्यादि की फोटों प्रतियों का वितरण शुभ अवसरों जैसे जन्मदिन, शादी समारोह, गृह प्रवेश, सालगिरह, सेवानिवृत्ति औपचारिक मिलन इत्यादि पर करते हैं और अन्य सभी समाज के लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि हमारे देश भारत की महान सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार हो।


जींद। भार्गव द्वारा अपनी लिखाई में लिखी चार वेदों की जानकारी।

### कम शब्दों में दे रहे महापुरुषों का जीवन परिचय

सोलह वर्षीय छात्र भार्गव का मानना है कि हमारे महापुरुषों के चित्रों के साथ दस से पंद्रह पंक्तियों में उनका परिचय, उपलब्धि और उनके द्वारा देश एसमाज के लिए किए गए कार्यों की जानकारी होनी चाहिए। इस के लिए भार्गव स्वयं देश के ऋषि मुनियों, साधु, संतों तथा महापुरुषों के परिचयए उपलब्धि तथा देश, समाज के लिए उनके योगदान को हाथ से लिखकर, फोटो सहित तैयार करवा कर वितरण करने का कार्य कर रहे हैं ताकि सभी को विशेष तौर देश की युवा पीढ़ी को इन महापुरुषों द्वारा देशए धर्म और समाज के लिए किए कार्यों, उनके बलिदान और उपलब्धियों की जानकारी हो सके। इसके लिए भार्गव ने नई पहल की है। छात्र भार्गव द्वारा अपनी सुंदर लिखाई के द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे इस उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा, डिप्टी स्पीकर विधानसभा हरियाणा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भार्गव द्वारा सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया है। भार्गव द्वारा हस्तलिखित इन सभी फोटों प्रतियों का वितरण न केवल जींद हरियाणा बल्कि अन्य प्रांतों में भी किया जा रहा है।